सांविधिक पद

कुलाध्यक्ष
श्री प्रणब मुखर्जी
महामहिम, भारत के राष्ट्रपति

कुलाधिपति

श्रीमती मीरा कुमार
पूर्व लोकसभा अध्यक्ष

कुलपति

प्रो० हरीश चन्द्र सिंह राठौर
(05.08.2015 को कार्यग्रहण)

प्रति- कुलपति
प्रो० ओमप्रकाश राय
(11.03. 2016 को कार्यग्रहण)

कुलसचिव
डा. गायत्री विश्वनाथ पाटिल
(23.02.2016 को कार्यग्रहण)

वित्त अधिकारी

श्री गिरीश रंजन
(29.02.2016 को कार्यग्रहण)

परीक्षा नियंत्रक (प्रभारी)

श्रीमती रश्मि त्रिपाठी

कुलपति की कलम से

प्रो० हरीश चन्द्र सिंह राठौर (डीएएडी एंड हम्बोल्ट फेलो)

यह हमेशा ही एक सुखद एहसास होता है जब आप अपने अतीत की तरफ पलटकर देखें, विशेषकर तब जबकि आपने छोटी कालावधि में बहुत कुछ पाया हो और जो आपके मस्तिष्क को झकझोर कर रख दें और आपकी आत्मा को संतुष्टि प्रदान करे. जब मैं पीछे मुड़कर दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में 05 अगस्त, 2015 से शुरू हुई अपनी यात्रा को देखता हूँ तो यह मुझे मिश्रित अनुभव देता है जिसमें सकारात्मक तथा विश्वविद्यालय की विकासात्मक उपलब्धियां ही खासकर ज्यादा हैं. मैं इस अवधि के दौरान प्राप्त सभी छोटी और बड़ी उपलब्धियों हेतु अपने अनुभवी संकाय सदस्यगण, जवाबदेह अधिकारीगण, कुशल कर्मचारीगण और जोशीले विद्यार्थीगण को बधाई और साथ ही धन्यवाद भी ज्ञापित करता हूँ. वार्षिक प्रतिवेदन के रूप में विश्वविद्यालय की गति एवं विकास को सार रूप में प्रस्तुत करना एक अवसर प्रदान करता है कि हम संस्थान की कार्यप्रणाली का आत्मविश्लेषण कर सकें. यह हमें नयी ऊँचाईयों को प्राप्त करने हेतु सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए एक संकल्प निर्धारित करने में मदद करती है.

सीयूएसबी के लिए अप्रैल 2015 से मार्च 2016 की अवधि बेहद संतोषप्रद रही है क्योंकि विश्वविद्यालय इस काल में पर्याप्त विकास के साथ शानदार शैक्षणिक निष्पादनों का गवाह बना. हमारा संकल्प कि हम इस क्षेत्र में ही नहीं बल्कि देश में एक विश्वस्तरीय संस्थान बनाएं या स्थापित करें, इस संकल्प को विश्वविद्यालय के माणिक्य सरीखे शैक्षणिक और प्रशासनिक नेतृत्व के मेल ने जोरदार रूप से बलवती किया है. पटना और गया में किराए के परिसर में संचालन के बावजूद संकाय, अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण के पूर्ण स्पष्ट लक्ष्यों और सर्वोत्तम प्रदान करने के उनके उत्साह ने अवरोधरहित विश्वविद्यालय संचालन को सुनिश्चित किया है. हमने विद्यार्थियों और शोधार्थियों को प्रतिभावान संकायगण के उचित मार्गदर्शन में उन्हें बेहतर पेशेवर के साथ- साथ देश के मूल्यों और संस्कृति को समाहित कर एक जवाबदेह नागरिक के रूप में विकसित होने हेतु एक उचित प्लेटफार्म और सुविधाएं प्रदान की हैं.

जब हम अपने विश्वविद्यालय के दैनिक मामलों में व्यस्त थे तो कुछ उपलब्धियों और सम्मानों ने हमारे रास्ते में आकर हमारे चेहरे पर चमक और खुशी लाने का काम किया है. सचमुच में इसने हमें सामूहिक प्रयास और उसके सकारात्मक परिणामों की समझ प्रदान की. नैक (मई 2016) द्वारा "ए" ग्रेड की प्राप्ति तथा एनआईआरएफ (अप्रैल, 2016) रैंकिंग में 94वां स्थान हासिल करना बड़ी उपलब्धियां थीं जिसने विश्वविद्यालय परिवार को आनंदित किया और साथ ही ऐसे अपवादित और ख़ास मुकामों या मील के पत्थरों को हासिल करने हेतु भविष्य के लिए भी प्रेरित किया.

कार्यग्रहण करने के उपरान्त मैंने विश्वविद्यालय के सर्वांगीण विकास एवं प्रगति हेतु कुछ लक्ष्य निर्धारित किए. प्राथमिक और सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्य था स्थायी परिसर पंचानपुर, गया में भवन निर्माण के कार्य को प्रारम्भ करना ताकि विश्वविद्यालय सभी क्षेत्रों और पहलुओं पर विकास कर सके. प्रयास का परिणाम बेहद उत्साही रहा जब माननीय पूर्व

मानव संसाधन विकास मंत्री (एमएचआरडी) श्रीमती स्मृति ज़ुबिन ईरानी ने 31 अगस्त, 2015 को विश्वविद्यालय के सात भवनों की आधारशिला रखी. सांविधिक प्राधिकारों यथा शैक्षणिक परिषद्, कार्यकारी परिषद्, प्रथम कोर्ट तथा वित्त समिति की बैठकें आयोजित की गयीं ताकि विश्वविद्यालय की भलाई के प्रस्तावों और मुद्दों पर विचार विमर्श किया जा सके और निर्णय लिए जा सकें.

11 फरवरी, 2016 को आयोजित शैक्षणिक परिषद् की 14वीं बैठक में दो ऐतिहासिक निर्णय लिए गए. पहला निर्णय यह लिया गया कि हम वर्ग कक्ष व्याख्यानों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सुनिश्चित करने हेतु वीडियो रिकार्ड करेंगे. इस बात पर भी जोर दिया गया कि इन वर्ग कक्ष व्याख्यानों को उन विद्यार्थियों को भी उपलब्ध करवाया जाएगा जिन्होंने किसी कारण से अपनी ये कक्षाएं चूक गए हों या उन्हें दोबारा पाना चाहते हों. चुने व्याख्यानों को अपलोड कर विश्वविद्यालय एमएचआरडी की मेसिव ओपन ऑनलाइन कोर्सेस (एमओओसीज) को मजबूती प्रदान करने में योगदान देगी जो भारत सरकार के स्वयं कार्यक्रम की पहल के तहत सामान्य उपयोग सिद्ध होगा. दूसरा निर्णय विश्वविद्यालय ने यह लिया कि हम शैक्षणिक और सामान्य संचालन में पूर्ण ई-गवर्नेंस को अपनाएंगे ताकि सभी स्टेकहोल्डर्स हेतु पूर्ण पारदर्शिता और त्वरित पहुँच सुनिश्चित की जा सके. इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के पास उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ संस्थान बनने हेतु कई योजनाओं और परियोजनाओं की विस्तारित सूची है. यह सत्य सर्वविदित है कि ऐसे कार्यों और परियोजनाओं को पूर्ण करना एक या दो व्यक्ति से संभव नहीं है बल्कि वास्तव में इसके लिए टीमवर्क की जरूरत है और विश्वविद्यालय के उद्देश्यवाक्य " कलेक्टिव रीजनिंग (सामूहिक चिंतन)" पर विश्वास से संभव है.

अपनी बात समाप्त करने से पूर्व मैं यह अवश्य कहूंगा कि " सफलता भाग्य की बात नहीं है बल्कि यह विकल्पों का चयन है, यह इंतज़ार करने की चीज नहीं है बल्कि यह प्राप्त करने की चीज है". इस विश्वास और सकारात्मक सोच के साथ मैं यह कहूंगा कि सीयूएसबी आने वाले वर्षों में रात- दिन प्रयास करनेवाले अपने सामूहिक और समर्पित टीम प्रयास के साथ और अधिक सफलताओं को अवश्य ही हासिल करेगा और क्षेत्र के साथ-साथ देश का अग्रणी संस्थान बनेगा.



(प्रो० हरीश चन्द्र सिंह राठौर)

विषय-सूची

1. बड़ी उपलब्धियां/कार्यकारी सारांश पृष्ठ सं. 1-3

2. सीयूएसबी एक नज़र पृष्ठ सं. 4-8

3. सीयूएसबी में सह-शैक्षणिक गतिविधियाँ एवं आयोजन पृष्ठ सं. 9-18

4. **स्कूल एवं केन्द्र/ विभाग** पृष्ठ सं. 19-67

I. स्कूल ऑफ अर्थ, बायोलॉजिकल एंड एनवायरनमेंटल साइंसेज़
II. स्कूल ऑफ एजुकेशन
III. स्कूल ऑफ ह्यूमन साइंसेज़
IV. स्कूल ऑफ लैंगवेजेज़ एंड लिटरेचर
V. स्कूल ऑफ लॉ एंड गवर्नेंस
VI. स्कूल ऑफ मीडिया, आर्ट्स एंड एस्थेटिक्स
VII. स्कूल ऑफ मेथेमेटिक्स, स्टैटिस्टिक्स एंड कंप्यूटर साइंस
VIII. स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज़ एंड पॉलिसीज़

5. शैक्षणिकी पृष्ठ सं. 68-79

6. प्लेसमेंट्स/ फेलोशिप्स पृष्ठ सं. 80-81

7. नियुक्तियाँ/ भर्तियाँ पृष्ठ सं. 82-85

8. वित्त एवं लेखा पृष्ठ सं. 86

9. विश्वविद्यालय के सांविधिक प्राधिकार पृष्ठ सं. 87-89

10. प्राधिकारों की बैठकें पृष्ठ सं. 90

बड़ी उपलब्धियां/कार्यकारी सारांश

नए कुलपति :- सीयूएसबी ने 17 माह के लम्बे अंतराल के बाद नए कुलपति प्रो० हरीश चन्द्र सिंह राठौर को प्राप्त किया जिन्होंने कार्यकारी कुलपति प्रो0 देबदास बनर्जी से दिनांक 05 अगस्त, 2015 को द्वितीय कुलपति के रूप में अपना कार्यग्रहण किया.

नैक मान्यता :- सीयूएसबी ने नैक (नेशनल एसेसमेंट एंड एक्रीडिशन काउन्सिल) से 'ए' ग्रेड की मान्यता अपने प्रथम प्रयास में 3.01 के स्कोर के सीजीपीए (कम्युलेटिव ग्रेड पॉइंट एवेरेज) के साथ 25 मई, 2016 को प्राप्त की.

94वां एनआईआरएफ रेंकिंग :- मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 04 अप्रैल, 2016 को नेशनल इन्स्टीट्यूशनल रेंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) में सीयूएसबी को भारत के 100 विश्वविद्यालयों में सूचीबद्ध घोषित किया गया है. सीयूएसबी 94वां स्थान हासिल कर यह उपलब्धि पानेवाली बिहार में एकमात्र यूनिवर्सिटी है.

नए शैक्षणिक कार्यक्रम : - साइकोलोजी में एमफिल पीएचडी के साथ बी.वोक इन आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स को भी शैक्षणिक वर्ष 2015- 16 में प्रारम्भ किया गया है.

विद्यार्थियों का नामांकन/ सीयूएसबीईटी 2015 :- सीयूएसबी ने ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा सीयूएसबीईटी (सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ़ साउथ बिहार एंट्रांस टेस्ट), 2015 को 30 एवं 31 मई 2015 को पूरे देश में 15 केन्द्रों पर विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जानेवाली अंडरग्रेजुएट, पोस्ट्ग्रेजुएट एवं इन्टीग्रेट एमफिल. पीएचडी 30 एवं 31 मई 2015 को आयोजित इस प्रवेश परीक्षा में 2249 उम्मीदवार शामिल हुए. लिखित एवं साक्षात्कार के माध्यम से कुल 408 उम्मीदवारों को यूजी, पीजी एवं इन्टीग्रेट एमफिल पीएचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया गया.

नई नियुक्तियाँ/ भर्तियाँ :-

शैक्षणिक पद – इस अवधि के दौरान कुल 32 संकायगण की न्युक्तियाँ नियमित आधार पर की गयी जिनसे कुल संख्या 111 हो गयी है जिनमें 03 संकाय सदस्य पुनः नियुक्ति आधार पर तथा 12 संविदा आधार पर नियुक्त किये गये.

गैर शैक्षणिक पद – इस अवधि के दौरान कुलपति, प्रति कुलपति, कुलसचिव, वित्त अधिकारी तथा परीक्षा नियंत्रक के पद सहित 05 सांविधिक पदों को भरा गया. अतः गैर शैक्षणिक पदों की कुल संख्या अब 86 तक पहुँच गयी है.

सहायता अनुदान :- कुल 17873.92 लाख (पिछले वर्ष के अव्ययित शेष राशि रू० 10919.40 लाख, इस वर्ष के दौरान प्राप्त अनुदान राशि रू० 6000.00 लाख, आन्तरिक श्रोतों से प्राप्त राशि रू० 954.52 लाख), में से विश्वविद्यालय ने 8784.78 लाख का शेष छोड़ते हुए रू० 9089.14 लाख का उपयोग किया. इसके अलावा विश्वविद्यालय ने 2218.00 लाख रू० की राशि पंचानपुर स्थित सैन्य भूमि की खरीद की प्रतिपूर्ति हेतु प्राप्त किया है.

नैक से सीयूएसबी को 'ए' ग्रेड की मान्यता

सीयूएसबी ने नैक (नेशनल एसेसमेंट एंड एक्रीडिशन काउन्सिल) से 'ए' ग्रेड की मान्यता अपने प्रथम चक्र में 3.01 के स्कोर के सीजीपीए (कम्युलेटिव ग्रेड पॉइंट एवेरेज) के साथ प्राप्त की. नैक द्वारा 'ए' ग्रेड मान्यता की संस्तुति 25 मई, 2016 को स्थायी समिति की 15 वीं बैठक में प्रदान की गयी. कश्मीर केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मेहराजुद्दीन मीर के नेतृत्व में 8 सदस्यीय नैक पियर टीम ने 26-29 अप्रैल, 2016 के दौरान सीयूएसबी का निरीक्षण किया. प्रो० मीर का साथ प्रो० के.के.बजाज (सदस्य समन्वयक), पूर्व डीन सीडीसी एवं परीक्षा नियंत्रक, हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी, प्रो० एस.बी.सिंह, पूर्व प्राचार्य, आरआईई, अजमेर, अध्यक्ष, स्कूल ऑफ़ लाइफ साइंसेज, देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी, इंदौर, डा. एम. विमला, हिन्दी विभाग, बैंगलोर यूनिवर्सिटी, प्रो० नसीब सिंह गिल, डिपार्टमेंट ऑफ़ कम्प्यूटर साइंस, महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी, रोहतक, प्रो० आर.के.एस.धरकरे, डिपार्टमेंट ऑफ़ केमेस्ट्री, डा. अम्बेडकर यूनिवर्सिटी, आगरा तथा प्रो० जी.पी.ठाकुर, मनोविज्ञान के पूर्व प्रोफ़ेसर, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ ने दिया.

चार दिवसीय दौरे पर नैक पियर टीम ने विश्वविद्यालय के दोनों परिसरों में उपलब्ध संसाधनों एवं सुविधाओं का निरीक्षण किया. टीम ने सीयूएसबी के पंचानपुर स्थित स्थायी परिसर का भी निरीक्षण किया और विश्वविद्यालय के निर्माणाधीन भवन कार्य का जायज़ा लिया. टीम ने वर्तमान विद्यार्थियों, पूर्व विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों, संकाय सदस्यों, अधिकारियों तथा गैर- शैक्षणिक कर्मचारियों से अलग से एक इंटरेक्टिव मीटिंग भी की और विकास हेतु उनके द्वारा साझा किये गए प्रतिपुष्टि/सलाहों को विशेष रूप से अंकित किया. टीम सीयूएसबी के सकारात्मक पहलुओं यथा सभी सुविधाओं से लैस प्रयोगशालाओं, हजारों पुस्तकों एवं जर्नल्स सहित पुस्तकालयों, प्रोजेक्टर एवं ऑडियो-विजुअल सिस्टम सहित लेक्चर हाल्स, चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम, समय पर परीक्षाओं का आयोजन तथा अच्छे जॉब प्लेसमेंट आदि से संतुष्ट थे. इनके अतिरिक्त विदेशी प्रतिष्ठा एवं उत्कृष्ट शिक्षण प्रणाली की परख रखनेवाले संकाय की उपस्थिति और उनके मार्गदर्शन द्वारा विद्यार्थियों के उचित निखार ने नैक टीम को प्रभावित किया.

एनआईआरएफ रेंकिंग में सीयूएसबी को 94वां स्थान

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 04 अप्रैल, 2016 को नेशनल इन्स्टीट्यूशनल रेंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) में सीयूएसबी को भारत के 100 विश्वविद्यालयों में सूचीबद्ध घोषित किया गया है और इसने 94वां स्थान हासिल किया है. वास्तव में, सीयूएसबी बिहार में एकमात्र यूनिवर्सिटी है जिसने एनआईआरएफ रेंकिंग में स्थान पाया है. तुलनात्मक रूप में नयी यूनिवर्सिटी और पटना तथा गया से किराए के परिसरों से भौगोलिक रूप से दूरी से संचालन के बावजूद सीयूएसबी ने हमारे शिक्षकों, शिक्षण प्रणाली, शोध सुविधाओं एवं अन्य सम्बंधित क्षेत्रों में अच्छे अंक प्राप्त किए हैं. विश्वविद्यालय ने 100 पॉइंट्स में 48.89 पॉइंट्स प्राप्त किए हैं, यद्यपि वास्तव में यह कुल 75 अंकों में प्राप्त किये हैं, क्योंकि अवसंरचना, खेलकूद एवं अन्य सुविधाओं पर निर्धारित अंकों में से कोई भी अंक नहीं दिया गया है क्योंकि विश्वविद्यालय अभी किराए के परिसर से संचालित है और वर्तमान में अपना परिसर नहीं है.

एनआईआरएफ रेंकिंग की घोषणा के बाद सीयूएसबी के कुलपति प्रो० हरीश चन्द्र सिंह राठौर ने विश्वविद्यालय परिवार में शामिल संकायों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों को बीआईटी ऑडिटोरियम, पटना में संबोधित किया. कुलपति ने जनसमूह को इस उपलब्धि हेतु बधाई दी और उनका धन्यवाद ज्ञापित किया. प्रो० राठौर ने कहा कि रेंक की प्राप्ति हमारे लिए गर्व का विषय है परन्तु 94 वां रेंक सोच का विषय है. पर हम 94 वां रेंक पाकर कमतर या हतोत्साहित ना हों, बावजूद इसके हमें इसे चुनौती के तौर पर आशावादी नजरिए से लेना चाहिए और आनेवाले वर्षों में अपने रेंक में सुधार का सर्वोत्तम प्रयास करना चाहिए. एक मर्तबा जैसे ही यूनिवर्सिटी पंचानपुर स्थित अपने स्थाई परिसर में स्थानांतरित हो जाती है तो अवसंरचना और अन्य सुविधाओं की कोई कमी नहीं रह जाएगी. हम यह आशा करते हैं कि यदि शैक्षणिक क्षेत्र में हम उत्कृष्टता पाने का प्रयास करते हैं तो हम अवश्य ही देश के शीर्ष और चुनिन्दा 20-25 संस्थानों में शुमार होंगे.

सीयूएसबी एक नज़र

दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) संसद के केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 (2009 के 25वें खंड) के तहत स्थापित 16 नवीन केंद्रीय विश्वविद्यालयों में से एक है। वर्तमान में विश्वविद्यालय द्वारा दो परिसर किराये के मकान में पटना तथा गया में संचालित किए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय का स्थायी परिसर गया रेलवे स्टेशन से लगभग 12 कि.मी. दूर पंचानपुर में स्थापित हो रहा है। विश्वविद्यालय विश्व स्तर के शिक्षकों, उच्च शिक्षक-छात्र अनुपात, विभिन्न कार्यक्रमों में वैकल्पिक पाठ्यक्रम की पूरी संरचना के साथ-साथ विश्वविद्यालय के छात्रों के प्रदर्शन की कुल आंतरिक मूल्यांकन के साथ चुनाव आधारित क्रेडिट प्रणाली (सीबीसीएस) प्रदान करता है। 'छात्रों के समग्र व्यक्तित्व के पोषण करने के लिए समर्थन प्रणाली और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने के लिए दृष्टिकोण, नवीन शिक्षण, सुव्यवस्थित ढांचागत सुविधाओं और छात्रों के साथ अनुकूल और प्रभावी अनुसंधान उन्मुख वातावरण मुख्य विशेषताएं हैं!

अधिनियम की धारा 5 में यथा उल्लिखित, दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के उद्देश्य हैं:

"...विद्या के ऐसे क्षेत्रों में, जहां विश्वविद्यालय उपयुक्त समझे, शिक्षण एवं शोध की सुविधा प्रदान कर ज्ञान का प्रचार-प्रसार करना, अपने शैक्षणिक कायक्रमों के मानविकी, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में संश्लेषित पाठ्यक्रमों के लिए विशेष प्रावधान करना एवं शिक्षा अर्जन पद्धति तथा अंतरविषयी अध्ययन एवं शोध में अभिनव विचारों को बढ़ावा देने हेतु उपयुक्त उपाय करना, देश के विकास के लिए जनशक्ति को शिक्षित एवं प्रशिक्षित करना, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के उन्नयन हेतु उद्योग जगत से तारतम्य स्थापित करना तथा लोगों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति, उनके कल्याण तथा उनकी बौद्धिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक विकास की ओर विशेष ध्यान देना।"

विश्वविद्यालय के उद्देश्यों के अनुसरण में तथा समाज की उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए विश्वविद्यालय ने 2009 में प्रारंभ से ही विभिन्न कार्यक्रमों के द्वारा अपना विकास किया है। एक सच्ची और विनम्र शुरूआत के साथ स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज़ एंड पॉलिसीज़ के तहत सेंटर ऑफ डेवलपमेंट स्टडीज़ की स्थापना की गई जो एमए डेवलपमेंट स्टडीज़ में दो वर्षीय मास्टर ऑफ आर्टस् प्रदान कर रहा है । अगले शैक्षणिक वर्ष 2010-11 में विश्वविद्यालय ने 5 अतिरिक्त स्नातकोत्तर कार्यक्रम बायोटेक्नोलॉजी , कंप्यूटर साइंस, एनवायरनमेंटल साइंस, मेथेमेटिक्स और स्टैटिस्टिक्स की शुरूआत की। शैक्षणिक वर्ष 2011-12 में 3 और स्नातकोत्तर कार्यक्रम नामतः बायोइनफॉरमेटिक्स, कम्युनिकेशन एंड मीडिया स्टडीज़ एंड साइकोलॉजी को जोड़ा गया। शैक्षणिक वर्ष 2012-13 में 7 नए मास्टर/स्नातकोत्तर कार्यक्रम नामतः लाइफ साइंस, इकोनॉमिक्स, इंगलिश, हिंदी, पॉलिटिकल साइंस एंड इंटरनेशनल रिलेशंस, सोशियोलॉजी एवं एमटेक कंप्यूटर साइंस को प्रारंभ किया गया। शैक्षणिक वर्ष 2013-14 में चार वर्षीय इंटीग्रेटेड ड्यूअल डिग्री बीए.बीएड एवं बीएससी.बीएड को स्कूल ऑफ़ एजुकेशन के तहत तथा पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड लॉ डिग्री प्रोग्राम बीए.एलएलबी (ऑनर्स) एवं बीएससी.एलएलबी (ऑनर्स) को स्कूल ऑफ़ लॉ एंड गवर्नेंस के तहत प्रारंभ किया गया। स्कूल ऑफ़ वोकेशनल स्टडीज के तहत सत्र 2015-16 से बी.वोक. इन आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स कार्यक्रम प्रारम्भ किए गए। 2013 से सभी विषयों में पीएचडी कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

विश्वविद्यालय की प्रमुख विशेषताएँ

केन्द्रीय पुस्तकालय



केंद्रीय पुस्तकालय विश्वविद्यालय का हृदय है। पुस्तकालय के पास अध्यतन संस्करण के शीर्षक के पुस्तकों तथा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय जर्नल्स की पर्याप्त संख्या और सुंदर संग्रह उपलब्ध है । पुस्तकालय ने 19,182 से अधिक पुस्तकों का एक संतुलित संग्रह तैयार किया है जो विभिन्न साइंस एवं सोशल साइंस विषयों में शैक्षणिक गतिविधियां, शिक्षण एवं शोध को परिपोषित करती है। सभी पुस्तकों को डेवी डेसीमल क्लासिफिकेशन स्कीम (डीडीसी) की सहायता से बार कोडित तथा शेल्फस्(आलमारियों) में सजाया जा चुका है। पुस्तकालय की पुस्तकों का एक ऑनलाइन पब्लिक एक्सेस केटेलॉग (ओपीएसी) भी विद्यार्थियों, संकायों एवं कर्मचारियों हेतु विश्वविद्यालय परिसर के सभी कंप्यूटरों पर उपलब्ध है। पुस्तकालय ने 89 गुणवत्तापूर्ण प्रिंट जर्नल एवं पत्रिकाओं, 444 जर्नल्स की बाउंड वॉल्यूम तथा 100 प्रोजेक्ट रिपोर्ट के साथ विश्व में नामचीन प्रकाशकों के 8785 से अधिक फुल टेक्स्ट इलेक्ट्रॉनिक जर्नल्स की भी सदस्यता ग्रहण की है। पुस्तकालय सेवाओं में पुस्तकों का परिसंचरण (जारीकरण/वापसी), डेलनेट नई दिल्ली के द्वारा इंटर-लाइब्रेरी लोन, पुस्तकों एवं जर्नल हेतु करेंट अवेयरनेस सर्विस (सीएएस), फोटोकॉपी इत्यादि शामिल हैं। उपयोगकर्ता (यूजर्स) पुस्तकालय में पुस्तकों की उपलब्धता, पुस्तकों की वर्तमान स्थिति, वापसी की नियत तिथि, पुस्तक को रिजर्व होल्ड (पास रखने) की स्थिति को ओपीएसी इस्तेमाल कर जान सकते हैं। विद्यार्थियों संकायों एवं कर्मचारियों को इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों तक पहुंच विश्वविद्यालय परिसर में उनके कंप्यूटरों पर ही उपलब्ध हैं। इन संसाधनों तक पहुंच को वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन) द्वारा 24 X 7 सन्दर्भ सेवा में विस्तारित किया गया है । पुस्तकालय सभी कार्य दिवसों को प्रातः 09:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक खुला रहता है।

सेंट्रल कंप्यूटिंग फैसिलिटी (सीसीएफ)

आईसीटी इन्फ्रास्ट्रक्चर/ कंप्यूटर प्रयोगशाला

विभिन्न केन्द्रों/विभागों की कंप्यूटिंग जरूरतों को पूरा करने के लिए विश्वविद्यालय के पास एक कॉमन कंप्यूटिंग सुविधा है। कंप्यूटर प्रयोगशाला विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्टाफ को उनके सत्रीय कार्यों, परियोजनाओं, शोध निबंधों और शोध संबंधी कार्यों को पूरा करने के लिए एक सेंट्रल कंप्यूटिंग सुविधा उपलब्ध करा रहा है । कंप्यूटर प्रयोगशाला में प्रिंटिंग एवं स्कैनिंग सुविधायें प्रदान की जाती हैं । शिक्षकों को व्यक्तिगत डेस्कटॉप/ लैपटॉप उनके पुल प्रिंटर के साथ प्रदान किए गए हैं जो उनके व्याख्यानों एवं उनके शोध जरूरतों को पूरा करते हैं लगभग सभी प्रशासनिक डेस्क पर उचित संख्या में डेस्कटॉप के साथ प्रिंटर/ फोटोकॉपी की सुविधा प्रदान की जा रही है।

इंटरनेट और इंट्रानेट

इंटरनेट कनेक्टिविटी भारत सरकार की नेशनल मिशन ऑन एजुकेशन थ्रू इन्फार्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी (एनएमई-आईसीटी) योजना के तहत प्रदान की जाती है। सभी कंप्यूटर 1 जीबीपीएस की इंटरनेट कनेक्टिविटी से जुड़े हुए हैं। गिगाबाइट इथरनेट और ओएफसी बैकबोन से लैस इंट्रानेट नेटवर्क विभागों/केन्द्रों, पुस्तकालय, प्रशासन और वर्ग कक्षों में इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान करता है।

संसाधन

वर्तमान में विश्वविद्यालय के दोनों परिसरों में उच्च गुणवत्ता वाले 500 कंप्यूटर उपलब्ध हैं। सभी कंप्यूटर अत्याधुनिक ऑपरेटिंग सिस्टम एवं एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर से लेस हैं जो सभी शैक्षणिक जरूरतों को पूरा करते हैं। कंप्यूटर फॉयरवाल तथा विश्वसनीय एंटीवायरस सॉफ्टवेयर से सुरक्षित हैं जो कंप्यूटरों को कंप्यूटर वायरस, मालवेयर तथा असुरक्षित पहुंच से बचाते हैं।

ई-लर्निंगं उपकरण (एक दृष्टि)

एनएमई-आइसीटी योजना के अंतर्गत, एक दृष्टिवर्ग कक्ष कतिपय विश्वविद्यालयों को एक साथ जुड़ने का अवसर प्रदान करता रहा है और यह विद्यार्थियों के लिए आभासी विश्व का सृजन करता है। यह ज्ञान कैफे की तरह भी काम करता है जहां विद्यार्थी यथार्थ कक्षा के बाद दिए गए व्याख्यान के विषय में विचार-विमर्श/चर्चा कर सकते हैं! ।

वेबसाइट तथा ई-मेल सुविधा

विश्वविद्यालय का एक पूर्ण कार्यशील वेबसाइट विकसित किया गया है । इसे नियमित रूप से अनुरक्षित और अद्यतन किया जाता है । वेबसाइट का यूआरएल www.cusb.ac.in है । विश्वविद्यालय के पास विद्यार्थियों एवं अध्यापकों एवं कर्मचारियों को समूह में मेल भेजने की क्षमता वाला शक्तिशाली ई-मेल सिस्टम है।

विद्यार्थियों हेतु सुविधायें

छात्रावास

वर्तमान में विश्वविद्यालय भुगतान आधार पर लड़कों और लड़कियों के लिए अलग-अलग छात्रावास सुविधा प्रदान करता है । वर्तमान में विद्यार्थियों के लिए छात्रावास और भोजनगृह की सुविधा उपलब्ध है।

परिवहन

छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों हेतु छात्रावास और परिसर के बीच साप्ताहिक दिनों में परिवहन सुविधा प्रदान की जाती है। शहर के विभिन्न भागों में रहने वाले दैनिक छात्रों को भी निर्धारित रूट/स्थानों से परिवहन सुविधा प्रदान की जाती है । परिवहन सुविधा विश्वविद्यालय को मार्जिनल शुल्क प्रदान कर ली जा सकती है।

स्वास्थ्य केन्द्र

विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र मामूली शुल्क लेकर प्राथमिक उपचार रेजीडेंट डाक्टरों की देखरेख में उपलब्ध कराता है । विश्वविद्यालय के कर्मचारियों, संकायों तथा विद्यार्थियों की स्वास्थ्य सम्बंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए चिकित्सक नियमित रूप से आते हैं।

विद्यार्थी मेडिक्लेम पॉलिसी

विद्यार्थी मेडिक्लेम विद्यार्थियों के लिए नेशनल इंश्योरेंस कंपनी की एक अनोखी पॉलिसी है जो उन्हें स्वास्थ्य एवं व्यक्तिगत दुर्घटना हेतु बीमा प्रदान करती है। दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थी इस योजना के तहत बीमित हैं जिसके तहत वे अधिकृत अस्पतालों में कैशलेस चिकित्सा सुविधा के पात्र हैं साथ ही साथ अन्य अस्पतालों में 50,000 रूपए की सीमा तक चिकित्सा सुविधा प्राप्त कर प्रतिपूर्ति ले सकते हैं।

छात्रवृत्ति योजनायें

विश्वविद्यालय में योग्य और जरूरतमंद विद्यार्थियों हेतु निम्नलिखित छात्रवृत्ति/सहायतावृत्ति की योजनाएं उपलब्ध हैं: नामतः (i) सीयूएसबीईटी/सेमेस्टर टॉपर हेतु मेधा छात्रवृत्ति (ii) मेधा-सह-साधन छात्रवृत्ति (iii) गेट छात्रवृत्ति (iv) अध्ययन सह उपार्जन (ईडब्ल्यूवाईएल) योजना तथा (v) उपस्थिति आधारित मेधा छात्रवृत्ति

मनोवैज्ञानिक परामर्श और मार्गदर्शन सेवायें

शारीरिक स्वास्थ्य की तरह मानसिक स्वास्थ्य कार्यकुशलता और उत्पादकता निर्धारित करता है। मानसिक स्वास्थ्य शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया, रचनात्मकता और शैक्षणिक संस्थानों में सौहार्दपूर्ण माहौल के लिए महत्वपूर्ण है। विश्वविद्यालय ने छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए एक विकसित दृष्टिकोण के साथ संस्थान हेतु एक मनोवैज्ञानिक परामर्श और मार्गदर्शन सेवाओं को अपनाया है।

कैम्पस प्लेसमेंट

विश्वविद्यालय के पास एक कैरियर काउंसिलिंग और प्लेसमेंट सेल है जो विभिन्न केन्द्रों और विभागों के तहत विभिन्न पाठ्यक्रमों में नामांकित छात्रों के लिए कैंपस प्लेसमेंट और रोजगार के अवसरों का ख्याल रखता है।

छात्र कल्याण बोर्ड

डीन छात्र कल्याण (डीएसडब्ल्यू) कक्षाओं के बाहर के छात्रों को व्यक्तित्व के विकास और आगे बढ़ने में योगदान हेतु सामान्य कल्याण के लिए जिम्मेदार है। डीएसडब्ल्यू का कार्यालय विभिन्न कर्तव्यों और कार्यों को निष्पादित करती है, यथा. (i) विश्वविद्यालय के बाहर शैक्षिक पर्यटन, यात्रा और खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए व्यवस्था बनाना (ii) सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन (iii) छात्र निकायों का गठन (iv) छात्र शिक्षक सम्बन्ध (v) जरूरतमंद छात्रों को वित्तीय सहायता और यात्रा के लिए रियायत तथा अन्य सुविधाएं (vi) देश में या विदेश में आगे के अध्ययन के लिए फैलोशिप/छात्रवृत्ति की सुविधा (vii) स्वास्थ्य और चिकित्सा सेवायें (viii) छात्र परामर्श (ix) दिव्यांग छात्रों को या महिलाओं को विशेष सहायता (यदि आवश्यक हों तो) उपलब्ध करना (x) छात्र इनफॉर्मेशन सर्विसेज (xi) पूर्व छात्र संघ (xii) कुलपति द्वारा प्रत्यायोजित तथा अधिकृत प्रमाण पत्र जारी करना।

सीयूएसबी में समितियां/प्रकोष्ठ/ समूह

क्रम सं.	समितियों/प्रकोष्ठों/ समूहों के नाम
1	एंटी रैंगिंग सेल
2	बिल्डिंग एंड वर्क्स कमिटी
3	कैरियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल
4	सेन्ट्रल परचेज कमिटी
5	कल्चरल एक्टिविटीज कमिटी
6	सामान अवसर प्रकोष्ठ
7	गेम्स एंड स्पोर्ट्स कमिटी
8	गैर शैक्षणिक कर्मचारियों हेतु शिकायत निवारण समिति
9	विद्यार्थियों हेतु शिकायत निवारण समिति
10	शैक्षणिक कर्मचारियों हेतु शिकायत निवारण समिति
11	इन्स्टीट्यूशनल बायो-शेफ्टी कमिटी (आईबीएससी)
12	आतंरिक शिकायत समिति
13	लीगल एड क्लीनिक
14	लाइब्रेरी कमिटी
15	प्लानिंग एंड डेवलपमेंट बोर्ड
16	प्रोक्टोरियल बोर्ड
17	एससी/एसटी/ ओबीसी/ अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ
18	संगोष्ठी/ सम्मलेन/कार्यशाला समिति
19	स्पर्श (सेन्सिटाइजेशन, प्रीवेंशन एंड रीड्रेशल ऑफ सेक्सुअल हेरासमेंट) सेल
20	स्टडी सर्कल – “रेनेसां”
21	स्माइल- सोशल सर्विस ग्रुप
22	टास्कफोर्स फॉर वीमेन
23	उन्नत भारत अभियान (यूबीए) प्रकोष्ठ
24	यूनिवर्सिटी वेबसाईट एंड इंटरनेट कमिटी

सीयूएसबी में सह-शैक्षणिक गतिविधियाँ एवं आयोजन

सीयूएसबी में इस अवधि के दौरान सम्मेलनों, कार्यशालाओं, संगोष्ठियों, खेल-कूद प्रतियोगिताओं सहित बहुतायत में शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियाँ/ आयोजित किये गये. इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय महत्व के दिवस यथा स्वतन्त्रता दिवस, गणतन्त्र दिवस आदि भी पूरे जोशो-खरोश के साथ आयोजित किए गए.

महत्वपूर्ण आयोजन/ घटनाएं

नए कुलपति प्रो0 एच.सी.एस.राठौर ने कार्यग्रहण किया (05 अगस्त, 2015)

सीयूएसबी ने 17 माह के लम्बे अंतराल के बाद नए कुलपति को प्राप्त किया जिन्होंने कार्यकारी कुलपति प्रो0 देबदास बनर्जी से दिनांक 05 अगस्त, 2015 को अपना कार्यग्रहण किया. डीएएडी एवं हम्बोल्ट फेलो, प्रो0 राठौर के पास शैक्षणिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र का विस्तृत एवं गहन अनुभव है. सीयूएसबी में कार्यग्रहण करने से पूर्व प्रो0 राठौर बीएचयू, वाराणसी में फैकल्टी ऑफ एजुकेशन के डीन थे. वह आन्तरिक गुणवत्ता नियंत्रण प्रकोष्ठ के समन्वयक थे तथा लगभग 6 वर्षों तक बीएचयू के चीफ प्रॉक्टर रहे.

प्रो0 राठौर ने शिक्षा के क्षेत्र में अपने योगदान हेतु कई अध्येतावृत्ति एवं पुरस्कारों को प्राप्त किया. वह एमएचआरडी, यूजीसी, नैक एवं एनसीटीई द्वारा गठित कई राष्ट्रीय समितियों के सदस्य होने के साथ ही एक दर्जन से अधिक पेशेवर राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय निकायों के सदस्य रहे.

शिलान्यास समारोह (31 अगस्त, 2015)

माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री (एमएचआरडी), भारत सरकार श्रीमती स्मृति जुबिन ईरानी ने 31 अगस्त, 2015 को पंचानपुर, गया में दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के भवनों के शिलान्यास के नींव रखी. माननीय मंत्रीजी के साथ एमपी श्री प्रेम कुमार शर्मा, एमएलसी श्री कृष्ण कुमार सिंह, टेकारी(गया) से एमएलए डा. अनिल कुमार सिंह, उच्चतर शिक्षा विभाग के सचिव श्री विनय शील ओबेरॉय और अन्य शामिल थे. केंद्रीय मंत्री ने प्रथम फेज के अंतर्गत सात भवनों नामतः केन्द्रीय कार्यालय, स्कूल ऑफ अर्थ बायोलोजिकल एंड इनवायर्नमेंटल साइंस, स्कूल ऑफ सोशल साइंस एंड पॉलिसी, छात्र छात्रावास, छात्रा छात्रावास, लेक्चर कॉम्प्लेक्स, एवं डाइनिंग हॉल की नींव रखी.

सीयूएसबी के कुलपति प्रो0 एच.सी.एस.राठौर ने अपने स्वागत भाषण में केंद्रीय मंत्री को इस समारोह में शिरकत करने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया. कुलपति ने विश्वविद्यालय के तथ्यों को प्रस्तुत किया और केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना सहित विश्वविद्यालय के विकास हेतु कुछ मांगें रखी. श्रीमती ईरानी ने अपने भाषण की खुशनुमा माहौल में शुरूआत की और कहा कि श्रोताओं में मौजूद प्रत्येक दूसरा विद्यार्थी आज स्मार्टफोन लिए है. मैं विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थियों को फ्री वाई-फाई सुविधा प्रदान करना चाहती हूँ. मंत्री महोदया ने शिक्षा और शोध से संबंधित सरकारी परियोजनाओं यथा 'ई-शोध सिन्धु', 'ग्लोबल इनिशिएटिव ऑफ एकेडमिक नेटवर्क' (जीआइएएन), ' स्वयं', 'उन्नत भारत अभियान' आदि के बारे मे तथा विश्वविद्यालय हेतु इनके महत्व को बताया.

इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन रीसेंट एड्वान्सेस इन मेथेमेटिक्स, स्टेटिस्टिक्स एंड कम्प्यूटर साइंस (आइसीआरएएमएससीएस)- (मई 29-31, 2015)

सीयूएसबी के स्कूल ऑफ मेथेमेटिक्स, स्टेटिस्टिक्स एंड कम्प्यूटर साइंस ने एक तीन दिवसीय सम्मलेन "इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन रीसेंट एड्वान्सेस इन मेथेमेटिक्स, स्टेटिस्टिक्स एंड कम्प्यूटर साइंस" (आइसीआरएएमएससीएस) का आयोजन मई 29-31, 2015 के दौरान आयोजित किया. सम्मलेन का उदघाटन

इंडियन काउन्सिल ऑफ एग्रीकल्चरल रीसर्च (आईसीएआर) पटना कॉम्प्लेक्स में पेन्सिल्वेनिया स्टेट यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी पार्क, पीके, यूएसए के पूर्व संकाय एवं मुख्य अतिथि प्रो0 जी.पी.पाटिल ने किया.

सम्मलेन के अध्यक्ष प्रो0 अरूण कुमार सिन्हा ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि ये सुखद अनुभव है कि यहाँ शिक्षाविद्, वैज्ञानिक, विद्वान् और औद्योगिक पेशेवर आधुनिक प्रौद्योगिकी उपकरणों पर विचार करने एवं इसके समाज, राष्ट्र विकासशील विश्व हेतु इस्तेमाल पर विचार के लिए एकत्रित हुए हैं. प्रो0 जी.पी.पाटिल ने शीर्षक ' मल्टीवेरिएट रैंकिंग, प्रायरटिजेशन एंड सेलेक्सन इन मल्टीवेरिएट नॉन- पैरामेट्रिक स्टेटीस्टिक्स' पर अपना उदघाटन भाषण दिया. जेपी ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यट, गाजियाबाद के प्रो0 भूदेव शर्मा ने अपने मुख्य संबोधन में ' सम एड्वान्सेस इन कोडिंग, वेगनेस मेजर्स एंड एग्रेगेशन ओपरेटर्स' पर बात की. अन्य मुख्य वक्ताओं में इंडियन स्टेटिस्टीकल इन्स्टीट्यूट (आईएसआई), कोलकाता के प्रो. बी.के. सिन्हा तथा बेरी यूनिवर्सिटी, फ्लोरिडा, यूएसए के जे.एन. सिंह थे. तीन दिवसों में मेथेमेटिक्स, स्टेटिस्टिक्स एंड कम्प्यूटर साइंस के विभिन्न शीर्षकों पर प्रख्यात शिक्षाविदों, औद्योगिक जगत के नामचीन हस्तियों, शोध विद्वानों ने एक बड़ी संख्या में पेपर प्रस्तुत किए.

इंटरनेशल कांफ्रेंस ऑन ह्यूमन इंप्लीकेशंस ऑफ बायोटेक्नोलॉजी (12-14 फरवरी, 2016)

सीयूएसबी के सेंटर फॉर बायोलोजिकल साइंसेज (सीबीएस) ने 12-14 फरवरी, 2016 के दौरान फर्स्ट इंटरनेशनल कांफ्रेंस ऑन ह्यूमन इंप्लीकेशंस ऑफ बायोटेक्नोलॉजी (आईसीएचआईबी) - (12-14 फरवरी, 2016) आयोजित किया। तीन दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रो0 आसिफ अहमद ने सीयूएसबी के कुलपति प्रो. एच.सी.एस. राठौर, डा. आर.एस. राठौर एवं सीबीएस के डा. रिजावानुल हक की उपस्थिति में किया। प्रो. आसिफ अहमद ने 'रिस्की बिजनेस ऑफ प्रिगनेंसी' पर एक संक्षिप्त वार्त्ता प्रस्तुत की। उन्होंने मूत्र में उच्च रक्तचाप और उच्च प्रोटीन के कारण गर्भावस्था के दौरान गड़बड़ी 'प्री-इक्लेम्प्सिया' पर अपनी बात रखी। प्रायः यह प्रत्येक 50 गर्भवती महिलाओं में से एक में पाया जाता है तथा जिसकी पहचान यथा सीजर्स, स्ट्रोक्स, प्रीमेच्योर बच्चे की मृत्यु या माता की मृत्यु में होती है।

प्रो. अहमद ने कहा कि उनकी टीम इस डिसआर्डर पर अध्ययन कर रही है और गर्भावस्था की जटिलताओं को दूर करने के नवीन और आसान उपाय विकसित कर रही है। सीयूएसबी के कुलपति ने कहा कि बायोटेक्नोलॉजी सचमुच में मानव जाति के लिए अच्छा है परन्तु आधारभूत सामाजिक मूल्यों की अनदेखी अवश्य ही नहीं की जा सकती है। उन्होंने शोधार्थियों से मारक बिमारियों हेतु दवाएँ विकसित करने एवं अपशिष्ट पदार्थों के टूटन से नये तरीके ईजाद करने की अपील की। उद्घाटन दिवस पर सीयूएसबी ने एस्टन यूनिवर्सिटी ऑफ यूनाइटेड किंगडम (यूके) के साथ स्टेम सेल थैरेपी, ड्रग डिजाइनिंग थैरेपी, मेंटल हेल्थ आदि पर एक समझौता ज्ञापन पत्र भी हस्ताक्षरित किया। तीन दिवसीय सम्मेलन में कई पत्र, वार्त्ताएँ, पोस्टर्स लगभग 500 आगंतुकों द्वारा प्रस्तुत किए गए जिनमें विद्वान, वैज्ञानिक, शोधार्थी और छात्रगण शामिल थे।

दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूएसबीईटी) - 2015

4 यूजी, 16 पीजी तथा 7 एकीकृत एमफिल-पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश हेतु 30 और 31 मई, 2015 को एक ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई।

सीयूएसबी में वार्षिक खेल-कूद समारोह

पटना परिसर में वार्षिक खेल-कूद कार्निवल का आयोजन 16-23 जनवरी के दौरान खेल-कूद समिति के सदस्यों डा. राजेश कुमार रंजन, डा. प्रभात रंजन, डा. अमृता श्रीवास्तव तथा श्री अरविंद सारस्वत (एसआई) के पर्यवेक्षण में आयोजित हुआ। एक हफ्ते की लम्बी अवधि में बैडमिंटन, शंतरंज, कैरम तथा क्रिकेट के खेल छात्रों एवं छात्राओं हेतु तथा टेबल टेनिस (केवल छात्रों) हेतु आयोजित हुए । 22 जनवरी को कुलपति प्रो0 एच.सी.एस. राठौर ने लड़कियों के क्रिकेट मैच का उद्घाटन किया जिसमें टीम 'ए' ने 102 रन बनाए और टीम 'बी' को 2 रन से हरा दिया।

इसी प्रकार वार्षिक खेलकूद मीट नामतः 'उमंग 2016' गया परिसर में 17-20 फरवरी, 2016 के दौरान आयोजित किया गया। बड़ी संख्या में इंडोर एवं आउटडोर गेम्स लड़कों एवं लड़कियों हेतु आयोजित किए गए जो नामतः लंबीकूद, ऊँचीकूद, शॉटपुट, टग ऑफ वार, 100 x 4 रिले दौड़, 800 मी0 दौड़, 400 मी0 दौड़, स्प्रिंट 200 मी0, स्प्रिंट 100 मी0, वॉलीबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन, शतरंज, कैरम, क्रिकेट (छात्र सिर्फ) तथा फुटबॉल (छात्र सिर्फ) थे। गया परिसर में एनुअल स्पोर्ट्स मीट का उद्घाटन प्रो0 एस. पी. श्रीवास्तव, डीन, स्कूल ऑफ लॉ एंड गवर्नेंस ने डा. सनत कुमार शर्मा, डीन ऑफ स्टुडेंट्स वेलफेयर, संकायगण एवं विद्यार्थीगण की उपस्थिति में किया।

विभिन्न खेलों के विजेताओं एवं उपविजेताओं को पुरस्कार, प्रमाणपत्र एवं मैडल्स पटना एवं परिसरों में दिए गए।

महत्त्वपूर्ण दिवस/ समारोह

स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त, 2015)

स्वतंत्रता दिवस समारोह विश्वविद्यालय के दोनों परिसरों में आयोजित किया गया। पटना में आयोजन की शुरूआत कुलपति एच.सी. राठौर को 'गार्ड ऑफ ऑनर' प्रदान करने से हुई जिसके उपरांत राष्ट्रीय ध्वज को फराया गया और राष्ट्रगान गाया गया। स्वतंत्रता दिवस संबोधन में कुलपति ने इस विशेष दिवस के बारे में अपने विचार साझा किए तथा भविष्य की योजनाएँ भी बताई। आयोजन में आगे विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिनमें लोकनृत्य, लोकगीत, राष्ट्रभक्ति गीत तथा शहीद अशफाक उल्ला खाँ पर एक नाटक भी शामिल था।

दोनों परिसरों में विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति सांस्कृतिक समिति के निर्देशन में आयोजित हुई।

हिन्दी दिवस तथा हिन्दी पखवाड़े का आयोजन (दिनांक 14 से 28 सितम्बर, 2015)

विश्वविद्यालय के गया परिसर में 14 सितम्बर, 2015 को हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया तथा हिन्दी पखवाड़े का औपचारिक उद्घाटन किया गया।इस दौरान हिन्दी अधिकारी श्री प्रतीश कुमार दास ने राजभाषा के प्रयोग तथा राजभाषा अधिनियमों, नियमों तथा संवैधानिक प्रावधानों की जानकारी दी । हिन्दी पखवाड़े के दौरान चार प्रतियोगिताएं क्रमशः भाषण, कविता पाठ, प्रश्नोत्तरी तथा टिप्पण एवं प्रारूपण का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थी, संकायगण, अधिकारीगण तथा कर्मचारीगण ने शिरकत की। कार्यक्रमों का आयोजन दोनों परिसरों में किया गया तथा पखवाड़े का समापन कार्यक्रम पटना परिसर में आयोजित किया गया जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

राष्ट्रीय एकता दिवस (31 अक्टूबर, 2015)

सीयूएसबी में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 140वीं जयंती को "राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस विशेष आयोजन के उद्घाटन उपरांत कुलपति प्रो. एच.सी.एस. राठौर ने कहा कि "एकता" देश में सद्भाव लाने का एकमात्र रास्ता है और हम सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदानों को अवश्य याद करें। इसके अतिरिक्त कुलपति ने "रन फॉर यूनिटी" को झंडी दिखाकर रवाना किया जिसमें संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों तथा कर्मचारियों में हिस्सा लिया। दिन के अन्य आकर्षणों में व्याख्यान, वृत्त चित्र प्रस्तुति, पुस्तक प्रदर्शिनी तथा "विविधता भारत के लिए परिसम्पत्ति" विषय पर एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया! ।

राष्ट्रीय शिक्षा दिवस (11 नवम्बर, 2015)

सीयूएसबी में स्वतंत्रता सेनानी एवं स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री, मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती मनाई गई. आयोजन की शुरुआत आज़ाद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने एवं दीप प्रज्ज्वलित करने से हुई। स्टेटिस्टिक्स डिपार्टमेंट के प्रोफेसर अरुण कुमार सिन्हा ने अपने व्याख्यान में कहा कि देश में लोगों के बीच गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रसार को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि मौलाना आजाद आधुनिक शिक्षा के उपदेशक थे। पीआरओ मो0 मुदस्सिर आलम ने भी मौलाना पर अपने विचार रखे और विद्यार्थियों से उनके शिक्षण का अनुसरण करने हेतु कहा।

संविधान दिवस (26 नवम्बर, 2015)

डा. बी.आर.अम्बेडकर की याद में सीयूएसबी के स्कूल ऑफ़ लॉ एंड गवर्नेंस ने संविधान दिवस मनाया. उद्घाटन भाषण डा. प्रदीप कुमार दास ने जबकि अध्यक्षीय संबोधन डा. आलोक कुमार गुप्ता ने किया. डा. जीतेन्द्र राम ने "अम्बेडकर की भूमिका और राष्ट्र निर्माण" पर एक वार्ता प्रस्तुत किया. इस दिवस पर विद्यार्थियों ने मंच नाटक, भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता तथा निबंध लेखन प्रतियोगिता में हिस्सा लिया.

राष्ट्रीय युवा दिवस (12 जनवरी, 2016)

भारत के महान चिन्तक एवं दार्शनिक स्वामी विवेकानंद की 153वीं जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस दिवस पर स्वामी विवेकानंद के विचारों एवं शिक्षण से जुड़ी गतिविधियों को पटना एवं गया परिसर में प्रस्तुत किया गया। युवा दिवस के एक भाग के रूप में स्वामी विवेकानंद पर एक वृत्तचित्र भी प्रस्तुत किया गया। एक वाद-विवाद प्रतियोगिता "राष्ट्र के विकास का एक मात्र हल युवाओं की भूमिका" पर एक वाद-विवाद प्रतियोगिता सहित पैनल डिस्कशन, निबंध लेखन प्रतियोगिता तथा स्वामी विवेकानंद पर एक चित्र प्रदर्शिनी का आयोजन भी किया गया।

गणतन्त्र दिवस (26 जनवरी, 2016)

गणतन्त्र दिवस पूरे जोशोखरोश और देशभक्ति की भावना के साथ दोनों परिसरों में मनाया गया। गया में राष्ट्रीय ध्वज कुलपति प्रो. एच.सी.एस. राठौर द्वारा फहराया गया। अपने संबोधन में कुलपति ने गणतन्त्र दिवस की महत्ता के अलावा कहा कि सबकुछ अच्छा रहा तो आनेवाले समय में विश्वविद्यालय योगा अध्ययन प्रारम्भ करेगा।

अपने विचार साँझा करते हुए कुलपति ने कहा कि भारत खनिज के साथ-साथ मानव संसाधन से भरपूर है परन्तु फिर भी आज तक हम विकास की सूची में पिछड़े हैं। कुलपति के भाषण उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए जिनमें विद्यार्थियों द्वारा मानव पिरामिड निर्माण के साथ-साथ लघुनाटिका, गीत एवं नृत्य भी शामिल थे। इसी प्रकार पटना में भी प्रभारी कुलसचिव प्रो० रेखा अग्रवाल द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और तदोपरांत विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए।

एमएचआरडी/यूजीसी के आयोजन

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून, 2015)

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस सीयूएसबी के दोनों परिसरों में मनाया गया। संकायगण, अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण ने योगाभ्यास सत्रों में भाग लिया। पटना में योग सत्र डा. अनिंद्य देव, सहायक प्राध्यापक, सीएमएस द्वारा संचालित हुआ जबकि गया परिसर में संयुक्त रूप में डा. अबोध कुमार, डा. प्रणव कुमार एवं डा. अमिय प्रियम द्वारा संचालित किया गया। प्रतिभागियों ने अपने आपको स्वस्थ रखने हेतु अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाने की शपथ ली।

स्वच्छ भारत अभियान (22-26 जून, 2015)

सीयूएसबी में 22-26 जून, 2015 के दौरान स्वच्छ स्वच्छ भारत अभियान (सफाई अभियान सप्ताह) पटना एवं गया दोनों परिसरों में मनाया गया। सफाई अभियान का मुख्य जोर गतिविधियों पर था यथा कार्यालय सहित परिसर के आम क्षेत्र की सफाई, शौचालय, सीढ़ियां आदि, कार्यालय के बाह्य क्षेत्रों में पार्किंग क्षेत्र, आमरास्ता आदि, अनुपयोगी वाहन/फर्नीचर/इलेक्ट्रानिक्स उपकरण आदि की निपटान तथा पुरानी फाइलों/रिकार्डों आदि का निस्तारण।

डिजिटल इण्डिया वीक (1-7 जुलाई, 2015)

यूजीसी के निर्देशानुसार सीयूएसबी में डिजिटल इण्डिया वीक मनाया गया। सप्ताह भर के लम्बे आयोजन का औपचारिक उद्घाटन प्रधानमंत्री के इंदिरा गाँधी स्टेडियम, नई दिल्ली में **01** जुलाई, **2015** से हुआ। सप्ताह भर के दौरान कई गतिविधियाँ आयोजित कई गई जिनमें पोस्टरों कई प्रदर्शनी एवं विश्वविद्यालय द्वारा डिजिटल सेवाएँ उरादन करना, डिजिटल सेवाओं से जुड़े तीव्र दैनिक तथ्यों एवं उपकरणों को ईमेल द्वारा साझा करना आदि शामिल रहा।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह (26-31 अक्टूबर, 2015)

केन्द्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के दिशानिर्देशानुरूप सीयूएसबी में **26-31** अक्टूबर, **2015** के दौरान "सुशासन के उपकरण के रूप में निवारक सतर्कता" थीम पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया। संकायगण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं विद्यार्थियों ने अपनी सभी गतिविधियों में लगातार निष्ठा एवं पारदर्शिता रखने हेतु शपथ ली। डॉ. आलोक गुप्ता के पर्यवेक्षण में सप्ताह के दौरान एक निबंध प्रतियोगिता तथा एक पैनल डिस्कशन (वाद-विवाद) आयोजित किया गया।

मातृभाषा दिवस का आयोजन (03.03.2016)

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निदेशानुसार विश्वविद्यालय के गया परिसर में मातृभाषा दिवस का आयोजन किया गया। मातृभाषा दिवस का उद्घाटन पूर्वाह्न 11:00 बजे डीन स्कूल ऑफ एजुकेशन प्रो. रेखा अग्रवाल, डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर डा. सनत कुमार शर्मा, डीन, स्कूल ऑफ पॉलिटीकल साइंस एंड इंटरनेशनल रिलेशंस प्रो. एस.एन.सिंह, प्रॉक्टर (कुलानुशासक) डा. कौशल किशोर तथा हिन्दी अधिकारी श्री प्रतीश कुमार दास ने सम्मेलन कक्ष में दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत सभी ने मातृभाषा के प्रयोग पर अपने विचार रखे। आयोजन के तहत विद्यार्थियों हेतु तीन प्रतियोगिताएं क्रमशः पेंटिंग प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता तथा गायन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

वार्ताएं / व्याख्यानें / सम्मेलनें

बी.ए.आर.सी. वैज्ञानिक डॉ. एस गौतम द्वारा व्याख्यान (5 अप्रैल, 2015)

भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर, मुंबई के खाद्य विज्ञान एवं सुरक्षा अनुभाग, खाद्य प्रौद्योगिकी प्रभाग के अध्यक्ष डॉ. एस. गौतम ने सीयूएसबी पटना परिसर में एक व्याख्यान दिया। सेण्टर फॉर बायोलॉजिकल साइंस (सीयूएसबी) द्वारा आयोजित व्याख्यान में डॉ. गौतम ने भारत के सन्दर्भ में विकिरण उर्जा के प्रयोग सहित खाद्य सुरक्षा, भोजन की उपलब्धता, सुरक्षा-भोजन का महत्व तथा देश के अंतराष्ट्रीय व्यापार में स्थिति (उत्पादों का निर्यात) को व्याख्यायित किया।

डॉ. आंबेडकर पर संगोष्ठी (14 अप्रैल, 2015)

डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर सीयूएसबी गया परिसर में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सत्र का शीर्षक "डॉ.भीमराव आंबेडकर एंड सोशल ट्रांसफॉर्मेशन" था जिसकी अध्यक्षता सेण्टर फॉर इंडियन लैंग्वेज (हिंदी) के अध्यक्ष डॉ. कमलानंद झा ने की। इस अवसर पर डॉ. कर्मानंद आर्य, डॉ. जितेन्द्र राम, डॉ. प्रणव कुमार, डॉ. प्रशांत कुमार तथा डॉ. अभय कुमार ने अपने विचार साझा किए।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर वार्ता (10 अक्टूबर, 2015)

सीयूएसबी के सेण्टर फॉर साइकोलॉजिकल साइंसेज ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मानते हुए आई.एच्.बी.एस., नई दिल्ली के क्लिनिकल साइकोलॉजी के पूर्व डीन प्रो.तेजबहादुर सिंह का एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया। डब्ल्यू एच ओ थीम "डिग्निटी इन मेंटल हेल्थ, इंडियन कांटेक्स्ट" पर व्याख्यान देते हुए प्रो. सिंह ने कहा कि मानसिक बीमारी की समस्या पूरे विश्व में खतरे की घंटी की तरह बढ़ रही है। यदि यह इसी रफ़्तार से बढती रही तो प्रत्येक चार में से एक व्यक्ति प्रभावित होगा। प्रो. सिंह ने कहा कि मानसिक बीमारी का इलाज संभव है यदि समय पर मनोविज्ञानी की सलाह पर उपचार किया जाय।

विश्व सांख्यिकी दिवस आयोजन (20 अक्टूबर, 2015)

सीयूएसबी के सांख्यिकी विभाग ने द्वितीय सांख्यिकी दिवस मनाया जिसका उद्घाटन कुलपति प्रो. एच.सी.एस. राठौर ने किया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रो. राठौर ने व्यावहरिक विज्ञानों में सांख्यिकी के अनुप्रयोग में विश्व की बढती आश्रिता के बारे में कहा। मुख्य अतिथि प्रो. अमरेन्द्र मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष, सांख्यिकी विभाग पटना यूनिवर्सिटी ने दैनिक जीवन में सांख्यिकी के महत्व एवं अनुप्रयोग को रेखांकित किया। समारोह के समापन पर डिपार्टमेंट ऑफ़ स्टेटिस्टिक्स के अध्यक्ष प्रो. अरुण कुमार सिन्हा ने विशेष दिवस के उद्देश्य को "बेटर डेटा, बेटर लाइवस" नारे से व्याख्यायित किया।

यूएस निवासी वैज्ञानिक डा. ध्रुव कुमार का व्याख्यान (23 नवम्बर, 2015)

सीयूएसबी के सेंटर फॉर बायोलॉजीकल साइंसेज (सीबीएस) ने यूएस निवासी भारतीय वैज्ञानिक डा. ध्रुव कुमार की एक वार्ता आयोजित की जिन्होंने "मेटाबोलिक सिम्बायोसिस बिटवीन ट्यूमर एसोसिएटेड फिब्रोब्लास्ट्स एंड हेड एंड नेक्क स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा" पर एक वार्ता

प्रस्तुत की। अपनी वार्ता में डा. कुमार ने सिर और गले में कैंसर कोशिकाओं से उत्पन्न बिमारियों को प्रकाशित किया। इस बीमारी को रोकने हेतु डा. कुमार ने आधे उबाले भोज्य पदार्थों को खाने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया क्योंकि भोजन के पोषक तत्व ज्यादा पकाने एवं भूनने से कम हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि कैंसर रोधी अवयव टर्मरिक, ग्रीन टी तथा सब्जियाँ यथा फूलगोभी, पत्तागोभी, ब्रोक्कोली में पाए जाते हैं।

डा. रामजी लाल द्वारा क्लासिकल ग्रुप्स के अनुप्रयोग पर वार्ता (3 फरवरी, 2016)

सीयूएसबी में हरीश चन्द्र रिसर्च इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैथमेटिक्स, इलाहाबाद के डा. रामजी लाल द्वारा क्लासिकल ग्रुप्स के अनुप्रयोग पर एक वार्ता प्रस्तुत की गई। सीयूएसबी के डिपार्टमेंट ऑफ़ मैथमेटिक्स द्वारा आयोजित वार्ता में डा. लाल ने "क्लासिकल ग्रुप्स" एवं मैथमेटिक्स तथा प्रायोगिक भौतिकी में इसके अनुप्रयोग पर बोला। उन्होंने क्लासिकल ग्रुप्स के अन्य पहलुओं यथा बाईलिनिअर फॉर्म्स, औटोमोर्फिज्म ग्रुप फॉर्म्स, लाई अलजेब्रा आदि पर विशेष प्रकाश डाला।

नाइजीरिया निवासी भारतीय प्रो. डी. सिंह की वार्ता (23 फरवरी, 2016)

नाइजीरिया निवासी भारतीय प्रो. दशरथ सिंह ने सीयूएसबी पटना परिसर में 23 फरवरी, 2016 को एक व्याख्यान प्रस्तुत किया। अह्मदु बेल्लो यूनिवर्सिटी, ज़रिया, नाइजीरिया के प्रो. सिंह ने "मल्टीसेट इट्स थ्योरी एंड एप्लीकेशन्स" पर व्याख्यान दिया। इस अवसर पर मैथमेटिक्स, स्टेटिस्टिक्स, कंप्यूटर साइंस के प्रभारी डीन, प्रो. अरुण कुमार सिन्हा ने कहा कि सांख्यिकी शिक्षण के क्षेत्र में क्लस्टर एनालिसिस में इसके बहुत अच्छे अनुप्रयोग हैं जो अपर्यवेक्षणीय शिक्षण प्रक्रिया में तथा बड़े आंकड़ों के विश्लेषण में एक बहुत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है।



कल्याणकारी गतिविधियाँ/ कैंप

पटना परिसर में फ्री डेंटल चेकअप कैंप (2 मई, 2015)

सीयूएसबी के पटना परिसर में डा. बी. आर. अम्बेडकर इंस्टिट्यूट ऑफ़ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल, पटना के द्वारा एक फ्री ओरल एंड डेंटल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। हॉस्पिटल के सामाजिक जवाबदेही कार्यक्रम के तहत एक 15 सदस्यीय टीम ने विश्वविद्यालय परिसर का दौरा किया और लगभग 100 व्यक्तियों का रोगनिदान किया जिनमें संकाय सदस्यगण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण तथा विद्यार्थीगण शामिल थे। चेकअप में मुफ्त रोगनिदान, सलाह, मुफ्त दवायें तथा भविष्य की निदान योजनाएँ थीं।

पटना परिसर में रक्तदान शिविर (15 मार्च, 2016)

सीयूएसबी के पटना परिसर में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, पटना के ब्लड बैंक के सहयोग से तथा कुलपति प्रो. एच.सी.एस. राठौर के मार्गदर्शन में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रतिकुलपति डा. ओ.पी. राय ने किया। डीन, स्कूल ऑफ़ एजुकेशन, प्रो. रेखा अग्रवाल ने सर्वप्रथम रक्तदान किया तथा उसके बाद कुलसचिव डा. गायत्री वी. पाटिल ने रक्तदान किया। कैंप का सञ्चालन डा. राजेश कुमार रंजन के नेतृत्व में उनकी टीम के अन्य संकाय सदस्यों नामतः डा. प्रशांत, डा. गौतम कुमार, डा. अमृता श्रीवास्तव एंड डा. विवेक कुमार जैन ने किया। विद्यार्थी स्वयंसेवकों के जोशीले प्रयास ने रिकॉर्ड कुल 102 यूनिट रक्तदान पैकेट का संग्रह किया।

विद्यार्थियों की उपलब्धियाँ

सीयूएसबी के विद्यार्थियों ने मानव संसाधन विकास मंत्री के साथ इंटरैक्टिव सत्र में भाग लिया

सीयूएसबी बी.ए.एलएलबी (तृतीय सेमेस्टर) के नवनीत कुमार ने 16 सितम्बर, 2015 को नई दिल्ली में मानव संसाधन विकास मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी के साथ इंटरैक्टिव सत्र में भाग लिया। सर्वप्रथम माननीय मंत्री ने देश के केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के प्रतिभागी विद्यार्थियों से संवाद किया और तदोपरांत "नो डिटेंशन पालिसी" विषय पर एक विडियो कॉन्फ्रेंस सत्र आयोजित हुआ। इंटरैक्टिव सत्र के दौरान मंत्री महोदया ने प्रतिभागियों द्वारा उच्च शिक्षा संबंधित मुख्य मुद्दों तथा उनके द्वारा झेली जा रही चुनौतियों के विषय में विस्तार से विचार विमर्श किया। नवनीत ने वर्तमान परीक्षा प्रणाली के मुद्दों यथा सतत मूल्यांकन प्रणाली तथा विद्यार्थियों द्वारा विधि, शिक्षा एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रायोगिक शिक्षण पाने पर्याप्त सामग्रियों की समस्याओं को सामने रखा।

सीयूएसबी की लघु फिल्म नेशनल फिल्म फेस्टिवल में दिखाने हेतु चयनित

सीयूएसबी के बीएससीबीएड कार्यक्रम के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित लघु फिल्म को विज्ञान प्रसार, भारत सरकार द्वारा नेहरु विज्ञान केंद्र, मुम्बई में 9-13 फरवरी, 2016 के दौरान आयोजित छठे राष्ट्रीय विज्ञान फिल्मोत्सव एवं प्रतियोगिता हेतु चयनित किया गया। एक विज्ञान फिल्म शीर्षक "टेप, ट्विस्ट एंड टर्न द पिएजो वे टू स्मार्ट इलेक्ट्रिसिटी", का निर्माण केमिस्ट्री के सहायक प्राध्यापक, डा. अमिय प्रियम के निर्देशन में विद्यार्थियों नामतः अमन रंजन, सुप्रिया, कुशाग्र रोहतगी, मेघा वत्स, शुभम कुमार लाल तथा सुधा सिन्हा ने किया। फिल्म एक प्रयास था वर्तमान उर्जा संकट के सामान्य, हरित एवं मितव्ययी हल हेतु पिएजोइलेक्ट्रिसिटी के प्रति जागरूकता लाने पर।

सीयूएसबी के छात्र ने पाठ्यक्रम मूल्यांकन प्रणाली हेतु एक वेब एप्लीकेशन विकसित किया

सीयूएसबी के एम. टेक कंप्यूटर साइंस छात्र धनंजय कुमार एवं यशवंत कुमार ने पाठ्यक्रम मूल्यांकन प्रणाली हेतु एक वेब एप्लीकेशन विकसित किया जिसका नाम "विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों का मूल्यांकन" था। कुलपति प्रो. एच.सी.एस. राठौर ने प्रत्येक विद्यार्थी को 5000 रूपये और एक प्रशस्ति प्रमाणपत्र के साथ सम्मानित किया। स्वदेशी तकनीक पर एक माह के रिकॉर्ड समय पर विकसित वेब एप्लीकेशन का झुकाव विद्यार्थियों द्वारा उनके पाठ्यक्रम के सम्बन्धित शिक्षकों की प्रतिपुष्टि का स्वसंचालन है।

सीयूएसबी का विद्यार्थी बना माइक्रोसॉफ्ट स्टूडेंट पार्टनर फॉर इंडिया

सीयूएसबी के एमटेक कंप्यूटर साइंस के छात्र धनंजय कुमार को वर्ष 2015 के लिए माइक्रोसॉफ्ट स्टूडेंट पार्टनर फॉर इंडिया चुना गया। धनंजय को सीयूएसबी तथा देश के अन्य संस्थानों में माइक्रोसॉफ्ट द्वारा प्रदान किए जा रहे दानों के महत्व बताने हेतु जिम्मेदारी सौंपी गयी थी।

विविध गतिविधियाँ

बाबू जगजीवन राम की जयंती

सीयूएसबी के सेंटर फॉर सोशियोलॉजीकल स्टडीज द्वारा 6 अप्रैल, 2015 को बाबू जगजीवन राम की 107वीं जयंती के अवसर पर एक वार्ता सह संवादात्मक सत्र का आयोजन किया गया। बाबू जगजीवन राम चेयर के समन्वयक डा. जितेन्द्र राम ने बाबूजी के बारे में अपने विचार साँझा किए।

डा. ए.पी. जे अब्दुल कलाम को श्रद्धांजली

